हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार, 7 जनवरी, 2024
राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया| डोंगरगढ़| खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा| कोलेगांव



since 1993

# अब कोटा क्यों जाए

## कोटा अब आपके शहर भिलाई में

कोटा की शिक्षण प्रणाली के साथ

- 30 Years Legacy
- Expert Faculty
- Digital Support
- Small Batch Size
- One To One Mentoring
- Quality Study Material
- Regular Test Series
- Affordable Fees

**25700+** Doctors | **21700+** IITians | **160900+** Engineers
with Trust of More Than **4.50 Lakh** Students..

## ADMISSIONS OPEN
For Session 2024-25

# CAREER POINT
## BHILAI CENTRE

**For Details Call:** 90399-57770, 90399-57771 | **Mail:** bhilai@cpuniverse.in

**Add:** 4th floor, Seven Hills Complex, Krishna Talkies Road, Risali, Bhilai-490006

CP Tower, IPIA, Road No.1, Kota I 080-40246443 I www.careerpoint.ac.in

Deepak Advertisers

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार, 7 जनवरी 2024

**तुमड़ाकसा गांव के बच्चे भी होंगे अब शिक्षित**





# बैगा जनजाति के 19 बच्चों को पढ़ाने जंगल में खुला सरकारी स्कूल

दामोदर वैष्णव ⏭ सड़क अतरिया

छुईखदान विकासखंड के अधीन आने वाले तुमड़ादाह गांव के लिए शुक्रवार का दिन काफी खास रहा। ग्राम पंचायत सिंगारपुर के आश्रित गांव तुमड़ादाह में 119 परिवार निवासरत है। गांव में विद्यालय नहीं होने से बच्चे शिक्षा से वंचित हो रहे थे। शुक्रवार को एसडीएम रेणुका रात्रे एवं बीईओ रमेन्द्र डडसेना के आतिथ्य में प्राथमिक शाला का शुभारंभ किया गया। नवप्रवेशित बच्चों को तिलक लगाकर मुंह मीठा कराया। पुस्तक, स्कूल ड्रेस का वितरण किया गया।

तुमड़ादाह में विद्यालय नहीं होने पर बच्चे शिक्षा से वंचित हो रहे थे। कुछ छात्रों आसपास गांव में पढ़ने जाते थे, पर दूरी के चलते वह ठीक से पढ़ नही पा रहे थे। इस समस्या को देखते हुए एक छपरी नुमा स्थल पर स्कूल आरंभ किया गया है। कक्षा पहली एवं दूसरी में 6- 6 एवं तीसरी, चौथी में 4- 4 छात्रों का दाखिला हुआ है। शिक्षक, दरी, पाठ्य समाग्री आदि की व्यवस्था किया गया है।

### स्कूल के लिए संकल्प

स्कूल खुलने से बच्चों में जबरदस्त उत्साह देखने मिला। प्रस्तावित स्थल को आम के पत्तो का तोरण बनाकर सजाया गया था। बच्चों की भीड़ में एक बच्चा ऐसा भी था जिसने स्कूल खुलने के बाद ही भोजन करने का मन बनाया था। बच्चा सुबह से खाली पेट स्कूल के समीप ही रहा। दोपहर को स्कूल खुलने एवं पुस्तक कापी मिलने के बाद ही उसने भोजन ग्रहण किया।



### जल्द बनेगा भवन

गांव के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने स्कूल खोला गया है। नया स्कूल भवन जल्द बनाया जायेगा। अन्य जरुरी सुविधाए भी उपलब्ध कराया जायेगा। - रेणुका रात्रे,एसडीएम

### बीस का दाखिला

बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए तुमड़ादाह में स्कूल खोला गया है। स्कूल शिक्षा से वंचित 20 छात्रों का अलग अलग कक्षा में दाखिला दिया गया है। - रमेन्द्र डड़सेना, बीईओ

### आकर्षक प्रस्तुति

स्कूल शुभारंभ को लेकर बैगा परिवारों में खासा उत्साह रहा। शुभारंभ मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। छात्रों के अलावा बैगा परिवारों ने पारंपरिक गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में एसके श्रीवास्तव, श्री रामटेके, बलदाऊ जंघेल, आरडी मानिकपुरी, रामभरोसा मेरावी, श्री मरकाम, लोचनराम जंघेल, चिंताराम धुर्वे, संजीव ध्रुव, सुरेश भंडारी, विजय कमरिया, मनोज साहू, पुसूराम मेरावी, अंजोरी ध्रुवे आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन आज आएंगे



**राजनांदगांव।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया नई दिल्ली द्वारा संचालित एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह कल 7 जनवरी को दोपहर 3 बजे से स्टेट हाई स्कूल के खेल मैदान में आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, संसदीय कार्य, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद संतोष पाण्डे द्वारा की जाएगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू, जनपद अध्यक्ष राजनांदगांव श्रीमती प्रतिक्षा भण्डारी एवं समाजसेवी खूबचंद पारख, राजेन्द्र गोलछा, नीलू शर्मा, विनोद खांडेकर, भरत वर्मा, अशोक चौधरी, हर्ष रामटेके, तरूण लहरवानी, रोहित चन्द्राकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। आयोजन समिति जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा समस्त खेलप्रेमियों एवं आम नागरिकों से प्रतियोगिता में शामिल होकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करने का आग्रह किया गया है।

### बिल्हरी मंडई 8 को

**डोंगरगढ़।** ग्राम बिल्हरी में 8 जनवरी को मंडई मेला का आयोजन रखा गया है। लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में जय छत्तीसगढ़ महतारी नाचा कुम्हारी का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी पंच शिवकुमार सिन्हा ने दी।

### शहर को मिली थ्री स्टार रेटिंग, 11 जनवरी को सामने आएगा सर्वे का परिणाम

# वाटर ट्रीटमेंट में पिछड़े, सड़कों में लाइनिंग नहीं, थ्री स्टार से आगे नहीं बढ़ रही रेटिंग!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारत सरकार द्वारा सात साल पहले 2016 से शुरू किए गए स्वच्छता सर्वेक्षण में बीते वर्ष का परिणाम सामने आने लगा है। पहले दौर में जारी परिणाम में शहर को ओडीएफ डबल प्लस के साथ ही थ्री स्टार रेटिंग मिली है। संस्कारधानी के लिए गौरव की बात यह है कि प्रदेश में केवल चार शहरों को ही इससे बेहतर रेटिंग मिली है।

हालांकि चिंता का विषय यह है कि लगातार तीन सालों से शहर को थ्री स्टार रेटिंग मिल रही है। इससे बेहतरी करने में राजनांदगांव निगम पीछे रह जा रहा है। जबकि प्रदेश के रायपुर और पाटन ने इस बार पांच स्टार रेटिंग प्राप्त की है। शहर के पिछड़ने का जो कारण सामने आ रहा है, उनमें वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट में खराब रणनीति और सड़कों में जेब्रा क्रॉसिंग के साथ ही लाईनिंग नहीं होना बताया जा रहा है।

## रेटिंग सुधारने निगम के साथ ही शहरवासियों की सहभागिता भी जरूरी

### केवल यह शहर ही हमसे बेहतर

निगम से मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव को ओडीएफ डबल प्लस के साथ ही थ्री स्टॉर रेटिंग मिली है। इसके अलावा रायपुर और पाटन को पांच स्टॉर रेटिंग के साथ ही बिलासपुर व अंबिकापुर को भी थ्री स्टॉर रेटिंग मिली है। जबकि शेष भिलाई, रायगढ़, कोरबा सहित अन्य बड़े शहरों को वन स्टॉर रेटिंग से ही संतुष्ट करना पड़ा था।



### 11 को आएगी विस्तृत रिपोर्ट

हालांकि अभी स्वच्छता सर्वे 2023 की पूरी रिपोर्ट सामने नहीं आई है। आगामी 11 जनवरी को यह सामने आएगी। इससे पहले सिर्फ ओडीएफ व स्टार रेटिंग ही जारी की गई है। बताया गया कि बेहतर रैंकिंग पाने वाले शहरों को 11 जनवरी के दिन राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

### करोड़ों का प्रोजेक्ट अधूरा

शहर में वॉटर ट्रीटमेंट के लिए बूढ़ातालाब प्रोजेक्ट के अंतर्गत ही करीबन दो करोड़ की लागत से काम होना था, लेकिन स्थानीय सरकार द्वारा अनदेखी और प्रशासन की लापरवाही के चलते अब तक वह प्रोजेक्ट पूरा होना तो दूर आधे काम के साथ ही बंद पड़ा हुआ है। वॉटर ट्रीटमेंट में पीछे रहने के कारण भी शहर को थ्री स्टॉर रेटिंग से आगे नहीं बढ़ पा रहा है।

**लोगों की गलती भी बड़ा कारण :** मिली जानकारी के अनुसार थ्री स्टॉर रेटिंग से आगे नहीं बढ़ने के पीछे आम लोगों की भी गलती है। लोगों से डोर-टू-डोर कचरा लेने जाने वाली स्वच्छता दीदीयों को लोग गीला और सूखा कचरा तक अलग-अलग कर नहीं दे रहे हैं। लोग गीले कचरे के साथ ही सूखा कचरा भी वाहन में डाल रहे हैं। जबकि अलग-अलग कचरा देने के लिए उन्हें बकायदा अलग रंगों का डस्टबिन भी दिया गया है। लोगों की इस लापरवाही के कारण भी शहर को थ्री स्टॉर से आगे की रैंटिंग नहीं मिल पा रही है।

# जिले के बैंक-एटीएम की पुलिस ने की जांच



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

■ सुरक्षा के पर्याप्त व्यवस्था, दिए निर्देश

जिले के बैंकों की सुरक्षा के लिए लगाए गए उपकरण सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा कर्मियों की तैनाती, डबल लॉक की स्थिति, लाकर और सुरक्षा अलार्म आदि को पुलिस ने बारीकी से चेक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में 6 जनवरी को जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारियों को सुरक्षा की दृष्टिकोण से अपने-अपने थाना क्षेत्रों के समस्त बैंकों एवं एटीएम को चेक करने हेतु निर्देशित किया गया था।

⏩ शेष पेज 14पर

### संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग

चेकिंग के दौरान बैंक प्रबंधक को सीसीटीवी कैमरा एवं अलार्म सिस्टम को दुरूस्त रखने हेतु कहा गया। साथ ही बैंक परिसर के अंदर एवं बाहर उपस्थित संदिग्ध व्यक्तियों की भी चेकिंग की गई।

# तेज रफ्तार कार ने युवक को ठोकर मारने के बाद आठ सौ मीटर घसीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

देश में हिट एंड रन कानून में किए गए बदलाव को लेकर चल रहे विरोध प्रदर्शन के बीच गंडई में ऐसा ही एक मामला सामने आया है, जहां एक तेज रफ्तार कार ने पहले युवक को ठोकर मारी और फिर उसे आठ सौ मीटर तक घसीटा। इस हादसे के बाद युवक को बीच रास्ते छोड़कर आरोपी वाहन चालक फरार हो गया। हादसे में युवक की दर्दनाक मौत हो गई है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटना शुक्रवार की शाम करीब सात बजे के आसपास की बताई जा रही है। शहर के रेस्ट हाउस के सामने 35 वर्षीय युवक दिनेश यादव पिता जानिक यादव निवासी झूरानदी को एक कार ने अपनी चपेट में ले लिया। कार के नीचे फंसे युवक के कार चालक ने करीब आठ सौ मीटर दूर कवर्धा पहुंच मार्ग के रपटा पुल पर बने प्रवेश द्वार तक घसीटा। यहां वाहनों की वजह के कारण कार की स्पीड कम हुई और चालक ने कार में फंसे युवक को रिवर्स कर बाहर निकाला और उसे सड़क पर छोड़कर वहां से फरार हो गया।

## हादसे के बाद परिवार में मातम का माहौल




### मजदूरी करता था युवक

मिली जानकारी के अनुसार मृतक युवक जीवनयापन करने के लिए मजदूरी करता था। पुलिस ने मृतक युवक का पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों ने आज युवक का अंतिम संस्कार किया। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### पूरी सड़क रक्तरंजित

आरोपी कार चालक द्वारा आठ सौ मीटर तक घसीटे जाने के कारण युवक बुरी तरह गंभीर रूप से घायल हुआ। पूरी सड़क भी रक्तरंजित हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार में फंसे रहने के कारण मृतक के शरीर में सिर्फ हड्डियां ही शेष रह गयी थी।

### फुटेज खंगाल रही पुलिस

इस घटना के बाद पुलिस ने आरोपी तक पहुंचने के लिए अपनी कवायद शुरू कर दी है। थाना प्रभारी शिवशंकर गेंदले का कहना है कि अभी तक कार और चालक की पहचान नहीं हो सकी है। टीम ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है।

### भीड़भाड़ वाले इलाके से गुजरी कार

रेस्ट हाउस से प्रवेश द्वार तक बस स्टैंड, पुलिस थाना, तिरंगा चौक एवं अन्य चौक पड़ा, जहां भीड़भाड़ रहती है, पर किसी को भी युवक के कार के नीचे फंसे रहने का पता ही नहीं चला, जब प्रवेश द्वार के पास अधिक गाड़ियां होने पर कार की रफ्तार धीमी हुई, तब आरोपी कार ड्राइवर को कार के नीचे युवक के फंसे होने का अहसास हुआ और उसने कार को रिवर्स लिया और डरकर घटनास्थल से कार को तेज चलाकर फरार हो गया।

# जनपद उपाध्यक्ष की प्रताड़ना से त्रस्त होकर पूर्व सोसाइटी अध्यक्ष ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छुरिया जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता एकांत चंद्राकर की प्रताड़ना से त्रस्त होकर खुर्सीटिकुल सोसाइटी के पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मण साहू ने आत्महत्या कर ली।

घटनास्थल और घर में मिले करीब 11 पन्नों के सुसाईडल नोट में मृतक लक्ष्मण ने यह उल्लेख किया है कि एकांत चंद्राकर ने न सिर्फ फर्जी शिकायतों के आधार पर उसे पद से बेदखल कराया, बल्कि बैठकों में भी लगातार प्रताड़ित कर रहा था। सुसाईडल नोट में सत्तर वर्षीय लक्ष्मण ने सिलसिलेवार पूरे घटनाक्रम की जानकारी देते दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की है। खुर्सीटिकुल सोसाइटी के पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मण साहू ने गुरुवार की रात धान खरीदी केंद्र के समीप स्थित एक बबूल के झाड़ में लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस को घटनास्थल के पास और घर से सुसाईडल नोट भी मिला है। जिसमें आत्महत्या करने के पहले लक्ष्मण ने लिखा है कि वह जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष और भाजपा नेता एकांत चंद्राकर की प्रताड़ना से त्रस्त होकर यह कदम उठा रहा है। सूत्रों ने बताया कि 2017 में लक्ष्मण साहू खुर्सीटिकुल सोसाइटी का अध्यक्ष चुना गया था। इस सोसाइटी में अछोली निवासी भाजपा नेता एकांत चंद्राकर भी सदस्य होने के साथ-साथ जनपद पंचायत छुरिया का उपाध्यक्ष भी था। चुनाव के बाद एकांत ने अध्यक्ष के खिलाफ लगातार मोर्चा खोल दिया है

⏩ शेष पेज 14 पर

### कार्रवाई नहीं हुई तो धरना

इस मामले में खुज्जी विधानसभा की पूर्व विधायक छन्नी साहू सहित कांग्रेस नेताओं ने भाजपा नेता एवं जनपद उपाध्यक्ष एकांत चंद्राकर के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बताया जाता है कि पूर्व विधायक ने पुलिस प्रशासन को बकायदा पत्र लिखकर कहा है यदि हफ्तेभर के भीतर दोषी भाजपा नेता के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो वे धरने पर बैठ जाएगी। उन्होंने मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की भी मांग की है।

### भ्रष्टाचार को किया उजागर

खुर्सीटिकुल सोसाइटी में लक्ष्मण साहू ने लाखों रुपए का भ्रष्टाचार किया था। मेरी शिकायत पर जब जांच हुई तो 18 लाख रुपए की रिकवरी भी निकली। मैंने किसानों के हित में लड़ाई लड़ी थी। किसी को भी प्रताड़ित नहीं किया। मेरे पास पूरे साक्ष्य मौजूद हैं।

**- एकांत चंद्राकर,** जनपद उपाध्यक्ष

### सुसाईडल नोट की जांच जारी

मृतक के पास से सुसाईडल नोट मिला है। घर की आलमारी में भी यही पत्र जब्त किया गया है। मृतक की हैंडराईटिंग से मिलान करने के लिए भेजा जा रहा है। मामले की जांच जारी है, जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**- उपेन्द्र शाह,** टीआई, डोंगरगांव




**माय एंगल**




# बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चालकों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

यातायात नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने वालों एवं बिना हेलमेट पहने दुपहिया वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई अभियान छेड़ेगी। इससे पूर्व यातयात पुलिस द्वारा हेलमेट जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज राहुल भगत एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक, यातायात हेमप्रकाश नायक एवं यातायात टीम द्वारा 3 जनवरी से हेलमेट जागरूकता अभियान चलाकर दुपहिया चालक एवं सवार को हेलमेट पहनने हेतु अपील की जा रही है।

0 मुख्य मार्गों में चलेगा अभियान

अब यातायात पुलिस एवं जिले के समस्त थानों द्वारा दुपहिया वाहन चालकों एवं सवार के हेलमेट धारण नहीं करने वालों पर शिकंजा कसने तैयार है। 8 जनवरी से यातायात पुलिस एवं जिला के समस्त थानों द्वारा जिला से जुड़ने वाले मुख्य मार्गों जैसे रायपुर-नागपुर राष्ट्रीय राजमार्ग, जिला बालोद, मोहला-मानपुर-अं.चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई वाले राजकीय मार्गों एवं अन्य मार्गों पर बिना हेलमट दुपहिया चालक एवं सवार पर लगातार कार्रवाई की जाएगी। राजनांदगांव पुलिस की आम लोगों से अपील है कि दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य धारण करें एवं सुरक्षित रहे।



### 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता

# क्वार्टर फाइनल में पहुंची छग की टीमें

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया नई दिल्ली द्वारा संचालित एवं स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के तीसरे दिन बालिका 17 वर्ष में मेजबान छत्तीसगढ़ ने 36 अंक के सहारे गुजरात 25 अंक को एवं बालक वर्ग 14 वर्ष में छत्तीसगढ़ ने 49 अंक के साथ गुजरात 33 अंक को पराजित करते क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

संस्कारधानी राजनांदगांव के सांई सेंटर दिग्विजय स्टेडियम के 5 कोर्ट में खेले जा रहे 14 वर्ष बालक वर्ग बॉस्केटबॉल के प्री-क्वार्टर फाइनल मैच में केवीएस ने महाराष्ट्र को, सीबीएसई ने आंध्रप्रदेश को, तमिलनाडु ने सीआईएससीई को, राजस्थान ने तेलंगाना को, उत्तरप्रदेश ने एनवीएस को, पंजाब ने उत्तराखंड को, दिल्ली ने मध्यप्रदेश को पराजित करते क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।



प्रतियोगिता के तहत 17 वर्ष बालिका बॉस्केटबॉल वर्ग के प्री-क्वार्टर फायनल मैच में तमिलनाडु ने संघर्षपूर्ण मैच में सीआईएससीई को, महाराष्ट्र ने एकतरफा मैच में हिमाचल प्रदेश को, कर्नाटक ने रोमांचक मुकाबले में आईबीएसओ को, हरियाणा ने आसान मैच में पंजाब को, दिल्ली ने आईपीएससी को, केरल ने संघर्षपूर्ण मैच में तेलंगाना को और मेजबान छत्तीसगढ़ ने गुजरात को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंची। प्रतियोगिता का क्वार्टर फाइनल व सेमीफाइनल मैच संध्या में खेला गया।

## खबर संक्षेप



### बसनी में मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम आयोजित

**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम बसनी में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया, जिसमें सभी 18 वर्ष पूर्ण कर चुके वो मतदान केंद्र में जाकर अपना नाम जुड़वा सकते हैं और जिनका नाम संशोधित करना है या विलोपित करना है उसके लिए आवेदन प्रस्तुतकर सकते हैं यह कार्य 6 से 22 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। वहीं 13 व 14 जनवरी को मतदान केंद्र में विशेष शिविर लगाकर नाम जुड़वाना एवं सुधारना एवं विलोपित करना कार्य विशेष रूप से किया जाएगा। जिसके लिए प्रत्येक मतदान केंद्र में बीएलओ एवं अभिहित अधिकारी से संपर्क कर नाम जुड़वा सकते हैं। मतदाता सूची प्रकाशन के समय ग्राम के नागरिक एवं अभिहित अधिकारी उपस्थित थे। जिसमें अभिहित अधिकारी अशोक साहू, बैजनाथ चंद्राकर, बीएलओ प्रेमकुमारी लहरे, शिक्षक रामफल चंद्राकर, लक्ष्मण, रमला बाई, ऊषा व दिनेश पांडेय सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## खेल: राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने प्राप्त किया सिल्वर मेड़ल

# बॉल बैडमिंटन राष्ट्रीय प्रतियोगिता जिले के तीन खिलाड़ियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

बॉल बैडमिंटन फेडरेशन ऑफ इडिया के तत्वाधान में सीनियर बालक-बालिका राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में 7 से 10 जनवरी तक आयोजित होने जा रहा है, जिसमे कवर्धा के बालिका वर्ग में खिलाड़ी क्षमानिधि जांगड़े, तनु चंद्रवंशी व प्रतीक्षा भल्लवी कुल तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ है जो 6 जनवरी को दुर्ग से सिकंदराबाद एक्सप्रेस से महाराष्ट्र के गढ़चिरौली के लिए रवाना हुए, जिसमें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल प्राप्त किया।

जिस पर बॉल बैडमिंटन के सचिव एवं प्रशिक्षक अविनाश चौहान ने बताया की कोरबा में 25 से 27 दिसंबर तक इसका राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित हुआ था, जिसमे कवर्धा की बालिका टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन से सिल्वर मेडल लगाया था व जिले का नाम रोशन किया था।

जिसके आधार चयनकर्ता द्वारा इन खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। जो अब महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में होने वाले राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपने बेहतर प्रदर्शन से छत्तीसगढ़ टीम को पदक लगाकर प्रदेश व जिले का नाम रोशन करेंगे।

### पदाधिकारियों ने उज्जवल भविष्य की बधाई दी



कवर्धा के खिलाडियों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन होने पर कवर्धा बॉल बैडमिटन संघ के अध्यक्ष अजीत चंद्रवंशी, जिला वनमंडल अधिकारी चूड़ामणि सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र गुप्ता, प्राचार्य रामकृष्ण पब्लिक स्कूल एम शारदा, प्रबंधक आदित्य चंद्रवंशी, पूर्व जिला सहायक खेल अधिकारी हफीज कुरैशी, जिला सहायक खेल अधिकारी दिनेश साहू व अश्वनी चंद्राकर, जयकिशन चौहान, राजा जोशी, रामू सिंह, सुमित निषाद, मीरा साहू, लता साहू, तिजेश्वरी मेरावी समस्त खिलाडियों ने बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।



# मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने भोरमदेव मंदिर में भगवान शिव की पूजा-अर्चना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, संसदीय कार्य, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, पर्यटन, संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने परिवार सहित शनिवार को भोरमदेव मंदिर में भगवान शिव की पूजा-अर्चना की और भगवान शिव में जलाभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

उन्होंने भगवान शिव से प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर पार्षद उमंग पाण्डेय, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेन्द्र सलुजा, गणेश तिवारी, रामकुमार ठाकुर, योगेश्वर नाथ योगी, सनत साहू, सुनील दोशी, विजय पाली, जितेन्द्र दुबे, अजय सिंह ठाकुर, डोनेश सिंह, सौरभ शर्मा, राहुल ठाकुर सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ का कवर्धा धर्मनगरी है। छत्तीसगढ़ के पुरातत्व, धार्मिक, पर्यटन एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थल बाबा भोरमदेव मंदिर कबीरधाम जिले में स्थित है। राज्य के इस प्रमुख पर्यटन को राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने के लिए छतीसगढ़ सरकार काम करेगी। आने वाले समय मे भोरमदेव मंदिर और मंदिर से चिल्फी घाटी पहुंचमार्ग को और बेहतर बनाया जाएगा।

# रूसे में गुरू घासीदास जयंती धूमधाम से मनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत रुसे में बाबा गुरु घासीदास के नवनिर्मित मंदिर के कलश स्थापना एवं जयंती समारोह में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट मुख्य अतिथि द्वारा बाबा गुरू घासीदास के चरण वन्दनकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश चंद्रवंशी अध्यक्ष प्रतिनिधि जनपद पंचायत कवर्धा ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जनपद सदस्य सुरेश दुबे, सरपंच ग्राम पंचायत रुसे बलदाऊ साहू सहित समाज के गणमान्य व वरिष्ठ जन उपस्थित थें।

श्री भट्ट ने बाबा गुरु घासीदास के सप्त उपदेश जीव हत्या न करने, सतनाम पर अडिग विश्वास रखने, नशा का सेवन नही करने, पराई स्त्री को माता-बहन मानने, जाति-पति के प्रपंच में न पड़ने, चोरी-जुआ से दूर रहने इन उपदेशों का बखान करते हुए कहा कि जीवन में सफल होने हेतु हम सबको बाबा के इन उपदेशों को अपने आचरण में लाने की आवश्यकता है।

वहीं जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश चंद्रवंशी ने बाबा के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। उक्त अवसर पर रामफल बंजारे भंडारी, भरत लाल छड़ीदार, आत्मा राम, राजू सोनवानी, रामावतार बंजारे, भाव सिंह, भगउ कुर्रे, कुमार धृतलहरे, कलीराम बंजारे, सिद्ध राम, नारायण, जगन्नाथ, गौकरण, भुवन, त्रिवेंद्र सहित भारी संख्या में आसपास क्षेत्र व ग्रामवासी गण उपस्थित थें।



# संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता में भगतपुर का रहा दबदबा

■ छात्र-छात्राओं ने शानदार खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के संकुल केंद्र भगतपुर में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता किया गया जिसमें पूर्व सरपंच रामफल चंद्रवंशी, पूर्व जनपद सदस्य लक्ष्मण चंद्रवंशी द्वारा विधि-विधान से मां सरस्वती का पूजा-अर्चनाकर व फीता काटकर शुभारंभ किया गया।

जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर छात्र-छात्राओं ने खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और संकुल केंद्र भगतपुर अंतर्गत पिपरमाटी, धनेली, कंझेटा स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भी अपना परचम लहराया, इस प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस जिला सदस्य रामकुमार भट्ट शामिल हुए एवं तृतीय दिवस खेल प्रतियोगिता के समापन पर छात्र-छात्राओं द्वारा शानदार मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम का रंगारंग प्रस्तुति दी गई। खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान घोषित किया गया।

जिसमें शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भगतपुर के प्रधान पाठक श्रीमती सुरेखा चंद्रवंशी, जन भागीदार अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, बलराम चंद्रवंशी, रामफल चंद्रवंशी, लक्ष्मण चंद्रवंशी, सुरेश दुबे, ओमप्रकाश यदु, संजय वैष्णव, प्राचार्य अंतू चंद्रवंशी, गौतम साहू, उपसरपंच व सरपंच दिनेश चंद्रवंशी, घनश्याम चंद्रवंशी, रामप्रसाद चंद्रवंशी, दिलीप चंद्रवंशी, दिनेश पांडेय एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

# कलेक्टर ने पत्रकारों को मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन व विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने



शनिवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के मीडिया साथियों के साथ प्रेसवार्ता लेकर प्रारंभिक प्रकाशन की जानकारी, विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 कार्यक्रम एवं लोकसभा निर्वाचन 2024 के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर श्री महोबे ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 के सम्बन्ध में पुनरीक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। जिसमें एकीकृत मतदाता सूची का प्रारम्भिक प्रकाशन 06 जनवरी को किया जाएगा। दावा आपत्ति प्रस्तुत करने की तिथि 06 से 22 जनवरी तक किया जाएगा।

पुनरीक्षण के दौरान विशेष शिविर का आयोजन 13 एवं 14 जनवरी को बूथ स्तर पर किया जाएगा। 02 फरवरी तक सभी दावा आपत्ति का निराकरण किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 08 फरवरी तक किया जाएगा। उन्होने बताया कि जिन युवाओं की आयु 1 जनवरी की स्थित में 18 वर्ष पूर्ण हो रही है, वे सभी फार्म-6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकते है। साथ ही 17 वर्ष से अधिक आयु वाले युवा जो 1 अप्रैल 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले है वे भी फार्म 6 में अग्रिम आवेदन कर सकते है। अग्रिम आवेदन में कार्यवाही 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने के उपरांत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में नाम विलोपन करने के लिए फार्म-7 तथा संशोधन के लिए फार्म-8 में आवेदन कर सकते हैं। सभी मतदान केन्द्र में आवेदन, दावा-आपत्ति प्राप्त करने के लिए अविहित अधिकारी बैंठेंगे। आम नागरिक वोटर हेल्पलाईन एप्प से स्वयं ऑनलाईन भर सकते है। उन्होंने बताया कि ऑनलाईन फार्म बीएलओ द्वारा भरा जाएगा।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभावार जानकारी दी

कलेक्टर ने बताया कि 06 जनवरी की स्थिति में मतदाताओं की विधानसभावार स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में 02 विधानसभा क्षेत्र है क्रमशः विधानसभा-71 पंडरिया एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-72 कवर्धा है। जिले में 803 मतदान केन्द्र हैं और कुल मतदाताओं की संख्या 6 लाख 48 हजार 311 है। इसमें 3 लाख 22 हजार 736 पुरूष मतदाता, 3 लाख 25 हजार 573 महिला मतदाता और 02 थर्ड जेंडर मतदाता है। इसमें 5 हजार 547 दिव्यांग मतदाता, 18 से 19 वर्ग के युवा मतदाता 20 हजार 659 और 80 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिक की संख्या 6 हजार 509 है। जिले में जेंडर रेसियों 1009 है। विधानसभा-71 पंडरिया में 393 मतदान केन्द्र में 01 लाख 57 हजार 787 पुरूष मतदाता, 01 लाख 58 हजार 609 महिला मतदाता और थर्ड जेंडर शून्य है। इस प्रकार कुल 03 लाख 16 हजार 396 मतदाता हैं। इसमें 3 हजार 103 दिव्यांग मतदाता, 18 से 19 वर्ग के युवा मतदाता 10 हजार 46 और 80 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिक की संख्या 3749 है। जेंडर रेसियों 1005 है। इसी प्रकार विधानसभा 72 कवर्धा में 410 मतदान केन्द्र में 01 लाख 64 हजार 949 पुरूष मतदाता, 01 लाख 66 हजार 964 महिला मतदाता और थर्ड जेंडर 02 है। इस प्रकार कुल 03 लाख 31 हजार 915 मतदाता हैं। इसमें 2 हजार 444 दिव्यांग मतदाता, 18 से 19 वर्ग के युवा मतदाता 10 हजार 613 और 80 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिक की संख्या 2 हजार 760 है। जेंडर रेसियों 1012 है।

## शासकीय प्राथमिक शाला नाऊडीह के बच्चों ने जाना देश-विदेश का नाम



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलो मीटर की दूरी पर स्थित विकासखंड कवर्धा के ग्राम बरबसपुर संकुल अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला नाऊडीह में विजय कोशले ने स्कूली छात्र-छात्राओं को देश-विदेश का नाम ब्लैक बोर्ड में लिखकर बताया ताकि स्कूली बच्चे देश-विदेश का नाम जान सकें। उन्होंने कहा कि बच्चों को देश-विदेश का नाम भी जानकारी होना चाहिए, उन्होंने ब्लैक बोर्ड में भारत-पाकिस्तान, चीन, रूस, जापान, इंग्लैंड, अमेरिका, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, ब्राजील, न्यूजीलैंड, अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया व फ्रांस देश का नाम सिखाए और पढाया जिस बच्चे जानकर उत्साह नजर आए। इस दौरान प्रधान पाठक मनीषा ठाकुर, शिक्षक कोमल साहू, एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

## महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने मिशन वात्सल्य ग्राम रौचन में आयोजित

**हरिभूमि कवर्धा।** महिला व बाल विकास विभाग द्वारा मिशन वात्सल्य अंतर्गत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने ग्राम रौचन में जाकर स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों को किशोर न्याय अधिनियम 2015 के बारे में जानकारी दिया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी सत्यनारायण राठौर ने किशोर न्याय अधिनियम 2015 के बारे में बताते हुए सुनिश्चित करने में सभी राज्य पक्षकारों द्वारा पालन किया जाना है, 11 दिसम्बर 1992 को अंगीकार किया था और विधि का उल्लंघन करने के अभि कथित और उल्लंघन करते पाए जाने वाले बालकों तथा देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले बालकों के लिए बालक के अधिकारों से संबंधित अभि समय, किशोर न्याय के प्रशासन के लिए संयुक्त राष्ट्र मानक न्यूनतम नियम 1985 अपनी स्वतंत्रता से वंचित संयुक्त राष्ट्र किशोर संरक्षण नियम, बालक संरक्षण और अंतरदेशीय दत्तक ग्रहण की बाबत सहयोग संबंधी हेग कन्वेंशन तथा अन्य संबंधित अंतर्राष्ट्रीय लिखतों में विहित मानकों को ध्यान में रखते हुए व्यापक उपबंध करने के लिए किशोर न्याय अधिनियम, 2000 को पुनः अधि नियमित करना समीचीन है। परियोजना समन्वयक महेश निर्मलकर ने बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 राष्ट्रीय इमरजेंसी 24 घंटे चलने वाली निःशुल्क फोन आउटरीच सेवा है ऐसे बच्चों के लिए जिन्हें देखभाल एवं संरक्षण की जरूरत है कोई भी अनाथ, बेसहारा, लावारिस, घुमंतु, गुमशुदा, बाल-श्रम, बाल-विवाह से संबंधित बच्चों की सुरक्षा के लिए एवं मदद के लिए निःशुल्क नंबर 1098 पर फोन कर सकते हैं । स्वागत भाषण वजनराम साहू व कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना ने किया।

## कथा श्रवण करने आसपास क्षेत्र के भक्तजनों की उमड़ रही भीड़

# हर हिन्दू को सवा रुपए रोज दान करना चाहिएः पं. उपाध्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा स्थित श्रीशिव विहार कॉलोनी की महिला मित्र मंडली व समस्त भक्तगण श्रीशिव विहार



कॉलोनी द्वारा नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ कथा का मंगलमय आयोजन किया गया। श्रीमद्भागवत कथा में जगद्गुरू शंकराचार्य के कृपापात्र शिष्य एवं गंगा सेवा अभियानम के प्रांतीय सह-समन्वयक एवं जगद्गुरू शंकराचार्य द्वारा सनातन धर्म के प्रचार -प्रसार व संरक्षण के लिए स्थापित परमधर्मसंसद 1008 के धर्मान्सद पं आनंद उपाध्याय भागवताचार्य छत्तीसगढ़ कवर्धा वाले ने दानी राजा महान दानी बलि के प्रसंग में कहा कि सत्पात्र को दान देने से हमारा धन बढ़ता है, धन पवित्र होता है, दान करने से सम्पक्ति विपक्ति नही बनती।

निष्काम भाव से दान करने से भगवान की प्राप्ति भी हो जाती है राजा बलि की तरह। हर हिन्दू को सवा रूपए रोज धर्म के लिए निकालना चाहिए और नित्यदान शंकराचार्य के आश्रम में करना चाहिए। यह दान हर वर्ष होता है साल में एक बार 500 पांच सौ रूपए होता है, श्री सम्पन्न अधिक भी दे सकते हैं। इससे नित्यदान के शास्त्रीय विधान का पालन होता है यह दान परमधर्मसंसद् 1008 के माध्यम से हो रहा है, सैकड़ो लोग इस नित्यदान से जुडे है और हर वर्ष नित्य दान करते हैं पर परिवार को और परिवार के हर सदस्य को इस नित्यदान से जुडना चाहिए।

वहीं भगवान का अवतार गो, ब्राह्मणों की रक्षा व विश्व के कल्याण के लिए होता है भगवान के कई अवतार हुए है भागवत की कथा मे चौंथे दिन कई अवतार होते है। व्यास जी ने समुद्र मंथन कि कथा में कहा कि विचारों का मंथन ही समुद्र मंथन है, जिसमें वासना रूपी विष और सद्विचार रूपी अमृत दोनो निकलता है जो भगवान के षरण में रहते हैं उनका सभी कार्य सफल होता है पर जो भगवान की उपेक्षा करते हैं उन्हे श्रम करने पर भी दैत्यों की तरह सफलता नहीं मिलती। जब देवताओं ने अपने गुरू का अपमान किया तो देवताओं की पराजय हो गई और राजा बलि का राक्षसों का स्वर्ग पर अधिकार हो गया।

उस समय देवमाता अदिति ने पयोव्रत किया जिसके प्रभाव से भगवान वामन का प्राकट्य होता है वामन भगवान राजा बलि के यज्ञषाला में जाते हैं जहां राजा बलि भगवान का पूजन कर उनसे कुछ मांगने को कहते हैं तब भगवान वामन भगवान ने राजा बलि से तीन पग भूमि मांगी राजा बलि ने तीन पग पृथ्वी दान की तब भगवान वामन ने विराट हो कर नापा 2 पग में राजा बलि के संपूर्ण त्रिलोक की संपत्ति को नाप लिया फिर राजा बलि को बंधन में बांधकर भगवान ने पूछा राजा बलि तीसरा पग कहां रखू तब बलि ने कहा कि भगवन अभी आपने मेरे धन को नापा है धन से धनवान बड़ा होता है आप तीसरा चरण मेरे सिर पर रखिए।

भगवान ने अपना तीसरा चरण राजा बलि के सिर पर रखा और राजा बलि के दान को पूर्ण किया। राजा बलि ने भगवान से वरदान मांगा कि मुझे आपके इस रूप का हमेषा दर्षन होता रहे तब भगवान ने कहा कि है बलि तुम अभी सुतल लोक चले जाओ अगले मनवंतर में मै तुझे इंद्र बनाउंगा तुम्हारे महल के सभी दरवाजे पर मै इसी रूप में खड़ा रहूंगा। भगवान राम मर्यादा पुरूषोत्तम है उनका अवतार जग के मंगल के लिए होता है भगवान श्रीराम का चरित्र ऐसा कि उन्होने कभी षत्रुओं का भी अहित नही किया। रिपुहुक अनभल कीन्ह न रामू श्री राम का चरित्र अनुकरणीय है उनका चरित्र सभी रूपों में आदर्ष है जिसको अपने जीवन में अपनाने से हमारा जीवन धन्य व कृतार्थ हो जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में कॉलोनी वासी उपस्थित होकर कथा रसपान कर अपने जीवन को कृतार्थ कर रहें है।

## छात्र-छात्राओं ने किया स्वास्थ्य केन्द्र का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजानवागांव में व्यवसायिक शिक्षा संचालित है, जिसके अंतर्गत कक्षा 9वीं से 12वीं के छात्रों ने औद्योगिक भ्रमण किया। औद्योगिक भ्रमण के लिए व्यवसायिक प्रशिक्षक धनंजय कुमार यादव ने छात्रों को उप स्वास्थ्य केंद्र राजानवागांव का भ्रमण कराया।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

ज्योतिषी
बना बनाया काम बिगड़ना, ऊपरी हवा, पति पर स्त्री के वस में होना, शराब छुड़ने की गारंटी, वशीकरण मोहनी की गारंटी के साथ घरेलू समस्या, बच्चों का मन पढ़ाई में न लगना, शादी विवाह में अड़चन, प्रेम विवाह, सभी समस्या का निवारण, तंत्र-मंत्र वैदिक पद्धिति के द्वारा स्थायी हल।
पता- दीपक महाराज
रायपुर नाका, घोठिया रोड ज्योति विद्या मंदिर हाईस्कूल के पीछे कवर्धा
Mo. 9300415345

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
9406004581
7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## समस्या: किसानों की फिर बढ़ी समस्या, धान खरीदी केन्द्रों में भी अफरा तफरी

# मौसम का बदला मिजाज, आसमान में बदली के साथ हल्की बूंदा-बांदी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

साल के शुरूआती महिने में एक बार फिर अंचल के मौसम ने अपना मिजाज बदल दिया है। शनिवार को अचानक बदले इस मौसम के चलते सुबह से ही आसमान में बदली छाई रही और कवर्धा सहित जिले के वनांचल ईलाकों में हल्की तेज बारिश की भी खबर सामने आई है। जिसके चलते बीते दिनो की अपेक्षा ठंड भी बढ़ गई है।

मौसम में अचनाक आए बदलाव से किसानो की चिंता एक बार फिर बढ़ गई है। यहां बताना लाजिमी होगा कि कवर्धा सहित अंचल का मौसम बीते कई दिनो रह रहकर अपने मिजाज बदल रहा है। कभी बेमौसम बारिश हो रही है तो कभी ठंड में इजाफा हो रहा है तो कभी आसमान में बदली छा रही है तो कभी अचानक से ठंड गायब हो जा रही है। मौसम के इस तरह से रंग बदने के कारण जहां खेती किसानी के कार्य तथा फसल प्रभावित हो रहे हैं वहीं लोगों की सेहद पर भी इसका विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि अभी शुक्रवार तक अंचल को मौसम ठीक ठाक था लेकिन शनिवार की सुबह अचानक मौसम बदल गया। कवर्धा शहर की बात की जाए तो यहां सुबह से ही आसमान में बदली छाई हुई थी इस दौरान हल्की बूंदा बांदी भी देखने को मिली। इससी प्रकार जिले के विकाखण्ड बोड़ला तथा पंडरिया के वनांचल ईलाकों से भी बूंदा बांदी खबरें सामने आई है। जिसने अंचल के किसानो की चिंता बढ़ा दी है। किसानो की माने तो बेमौसम बारिश की आशंका से सबसे ज्यादा परेशानी उन किसानो को है जो अभी अपनी धान की फसल नहीं बेंच पाए हैं और उनकी धान असुरक्षित ढंग से घरों में रखी रखी है। इसी प्रकार बेमौसम बारिश तथा आसामान में बदली छाए रहने से खेतों में लगी दलहन फसल चना, मटर, अरहर में इल्लियों का प्रकोप बढने की आशंका है। इसके अलावा इन दिनो पूरे अंचल में गन्ना कटाई, समर्थन मूल्य में धान खरीदी का कार्य चल रहा है जो विपरीत मौसम में प्रभावित हो सकता है। कुल मिलाकर देखा जाए तो एक बार फिर मौसम का बदला मिजाज आफत खड़ी करते दिखाई दे रहा है।

### धान खरीदी केन्द्रों में अफरा तफरी का माहौल



उल्लेखनीय है कि इन दिनो जिले भर के करीब 106 धान खरीदी केन्द्रों में शासन द्वारा समितियों के माध्यम से किसानो से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जा रही है। एक जानकारी के मुताबिक एक नवम्बर से प्रारंभ हुई धान खरीदी के बाद से धान केन्द्रों में अभी लगभग आधी खरीदी हो पाई है वहीं समय पर उठाव नहीं होने के कारण प्रायः सभी धान खरीदी केन्द्रों में बड़ी मात्रा में समर्थन मूल्य में खरीदा गया हजारों क्विंटल धान खुले आसमान के नीचे रखा है। हालांकि कई धान खरीदी केन्द्रों में टीन सेड की भी व्यवस्था है लेकिन ऐसी व्यवस्था वाले केन्द्रों की संख्या काफी कम है। इन हालातों में अब बेमौसम बारिश की आशंका ने समिति प्रबंधन के सामने धान को सुरक्षित रखने की समस्या खड़ी कर दी है।

### सेहद पर भी दिख रहा असर

मौसम में आए इस बदलाव और बढ़ी का ठंड का असर लोगों की सेहद पर भी पड़ता दिखाई दे रहा है और लोग सर्दी, खांसी, बुखार जैसी समस्याओं से ग्रसित हो रहे हैं। खासकर लगातार बदल रहे इस मौसम का असर बच्चों और बुजेर्गो में देखने को मिल रहा है। कुल मिलाकर मौसम की मार चौतरफा दिखाई दे रही है।



## कवर्धा में स्थापित धर्म ध्वजा आस्था, त्याग और बलिदान का प्रतीकः मंत्री बृजमोहन अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा नगरी धर्म नगरी है और यहां स्थापित धर्म ध्वजा सनातन धर्म की आस्था, त्याग और बलिदान का प्रतीक है। इसका अपमान करने वाले अक्रांताओं को धर्म नगरी कभी बर्दास्त् नहीं करेगी और उन्हें सबक सिखाते हुए बाहर का रास्ता दिखाने का कार्य करेगी। इस कार्य को धर्मनगरी ने करके दिखाया है मैं धर्म नगरी के लोगों को बधाई और शुभकामना देता हूं। उक्त बातें प्रदेश के स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, संसदीय कार्य, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री छत्तीसगढ़ बृजमोहन अग्रवाल शनिवार को अपने एक दिवसीय कवर्धा प्रवास के दौरान पत्रकारों से रूबरू होते हुए कहीं। उन्होने कहा कि हमारी भाजपा सरकार धर्म की रक्षा करने वाली सरकार है। कवर्धा में 15 सालों तक भोरमदेव महोत्सव का आयोजन कर पूरे देश में इसकी ख्याती और इसका गौरव पहुंचाने का कार्य किया है। आने वाले समय में कवर्धा के चिन्हांकित धर्म स्थलों के साथ ही पर्यटन स्थलो का समुचित विकास किया जाएगा। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा उच्च शिक्षा संसदीय कार्य, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व ,पर्यटन, संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल शनिवार को एक दिवसीय प्रवास पर कवर्धा पहुचे। कैबिनेट मंत्री श्री अग्रवाल का कवर्धा आगमन पर सर्किट हाउस में अभूतपूर्व स्वागत किया गया। कैबिनेट मंत्री श्री अग्रवाल से कबीरधाम जिले के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और युवाओ से भेंट किया। श्री अग्रवाल इसके बाद भोरमदेव मंदिर के लिए प्रस्थान करेंगे तथा छत्तीसगढ़ की खुशहाली एवं समृद्धि के लिए पूजा अर्चना भी करेंगे। कवर्धा से रायपुर के लिए प्रस्थान करेगे।

## खबर संक्षेप

### प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 17 फरवरी को

**कवर्धा।** शासकीय कन्या शिक्षा परिसर भोरमदेव. महराजपुर में कक्षा 6वीं और 9वीं में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए चयन परीक्षा ली जाएगी। प्रवेश चयन परीक्षा 17 फरवरी को होगी। कक्षा 6वीं में अनुसूचित जनजाति के 28, अनुसूचित जाति 5 और 2 अन्य वर्ग की सीट रिक्त है। वहीं कक्षा 9वीं में अनुसूचित जनजाति के 2, अनु.जाति के 2 रिक्त सीट पर सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 17 फरवरी को 11 बजे से आयोजित की जाएगी। प्रवेश के लिए सत्र 2023-24 के परीक्षा (5वीं/8वीं) में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण छात्रा को ही पात्रता होगी।

पृष्ठ 13 का शेष

### जिले के बैंक-एटीएम...

सुरक्षा उपकरणों की जांच- जिसके तहत थाना कोतवाली, बसंतपुर, डोंगरगांव, छुरिया, डोंगरगढ़, घुमका, ओपी चिचोला, ओपी सुरगी, ओपी तुमड़ीबोड़, ओपी मोहारा, ओपी चिखली प्रभारियों द्वारा अपने दल-बल के साथ बैंकों के आसपास एवं बैंकों के अंदर आंतरिक सुरक्षा एवं एटीएम को चेक किया गया। बैंकों की सुरक्षा के लिए लगाए गए उपकरण सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा कर्मियों की तैनाती, डबल लॉक की स्थिति, लाकर और सुरक्षा अलार्म आदि को बारीकी से चेक किया गया।

### जनपद उपाध्यक्ष की...

और लगातार फर्जी शिकायतें कर एक साल के भीतर उसे पद से हटा दिया गया। लक्ष्मण ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि पद से हटाए जाने के बाद भी एकांत चंद्राकर द्वारा उसे बैठकों में लगातार प्रताड़ित करता था। मृतक ने जनपद उपाध्यक्ष एकांत चंद्राकर के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की है।

# करंट की चपेट में आए युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

## ग्राम कंझेटा में बिजली पोल के पास मिली युवक की लाश



- मृतक के परिजनो ने जताई आत्महत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭पाण्डातराई

जिले के पाण्डातराई थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम कंझेटा में बीते शुक्रवार की रात करंट की चपेट में आने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनो ने इस सूचना पाण्डातराई को दी।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल से मृतक का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह हत्या है, आत्महत्या है या फिर दुर्घटना। हालांकि परिजनो की माने तो यह आत्महत्या है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कंझेटा निवासी गजानन साहू आयु 20 वर्ष पिता रोहित साहू शुक्रवार की रात करीब 9.30 बजे अपने घर से निकला था और फिर वापस नहीं लौटा।

सुबह करीब 8.30 बजे गजानन का शव गांव में संचालित शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल के पास लगे विद्युत पोल के पास पड़ा मिला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल मृतक के परिजनो को दी और मृतक के परिजनो ने घटना से पाण्डातराई पुलिस को अवगत कराया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है। पाण्डातराई पुलिस की माने तो युवक की मौत करंट लगने से हुई है जिसके साक्ष्य उसके शरीर पर मौजूद है। पुलिस ने हत्या या युवक के साथ मारपीट की बारदात से इंकार किया है।

क्योंकि मृतक के शरीर में किसी प्रकार कोई चोट के निशान नहीं पाए गए है। वहीं दूसरी तरफ मृतक के परिजन इसे आत्महत्या मान रहे हैं। परिजनो का कहना है कि गजानन इससे पूर्व भी इस तरह की हरकत कर चुका है। लेकिन सवाल यह उठता है कि कोई भला करंट के संपर्क में आकर आत्महत्या कैसे कर सकता है। बहरहाल यह जांच का विषय है कि युवक की मौत कैसे हुई है।

### विद्युत विभाग की लापरवाही आई सामने

इस मामले में विद्युत विभाग की भी लापरवाही सामने आई है। क्योंकि जिस विद्युत पोल के संपर्क में आने से युवक की मौत करंट से हुई है वह काफी अव्यवस्थित दिखाई दे रहा है। पोल में लगे हाई वोलटेज कटआऊट जमीन से इतने नीचे हैं कि किसी की भी पहुंच में आसानी से आ सकते हैं। जबकि पास में ही शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल संचालित है ऐसे में विद्युत विभाग को इस जीवलेवा खतरे को देखते हुए विद्युत पोल की व्यवस्था को दुरूस्थ करना चाहिए।

### छात्राओं को देंगे सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग

**कवर्धा।** बालिकाओं के सुरक्षा-बचाव और सशक्तिकरण के लिए महिला बाल विकास विभाग की ओर से अवेयरनेस प्रोग्राम चलाया जा रहा है। विभाग के कार्यक्रम अधिकारी आनंद तिवारी ने बताया कि अभियान के तहत पूरे साल विभिन्न तरीके से जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसी कड़ी में कवर्धा नगर में संचालित शासकीय कन्या महाविद्यालयमें 9 से 13 जनवरी तक आत्मरक्षा शिविर लगेगा, जहां बेटियों को सेल्फ डिफेंस सिखाई जाएगी। आत्मरक्षा प्रशिक्षण के लिए पुलिस की मदद ली जाएगी।

# टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि शिक्षा मंत्री से मिले, छहः सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के कवर्धा आगमन पर स्थानीय सर्किट हाउस में मुलाकात कर स्वागत पश्चात शिक्षक संवर्ग के छः सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। छः सूत्रीय मांगों में प्रमुख रूप से शिक्षक एलबी संवर्ग के पूर्व सेवा अर्थात शिक्षाकर्मी के पद पर प्रथम नियुक्ति के आधार पर कुल सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन व क्रमोन्नत वेतनमान देना, पेंशन निर्धारण हेतु अर्हकारी सेवा 33 वर्ष के स्थान पर केंद्र सरकार की तरह 20 वर्ष करना, सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करना, शिक्षक, प्रधान पाठक प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला, व्याख्याता व प्राचार्य के पदों पर पदोन्नति करना, केंद्र सरकार द्वारा देय तिथि जुलाई 2023 से लंबित चार प्रतिशत मंहगाई भत्ता प्रदान किया जाना शामिल है। इस दौरान प्रमुख रूप से एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, रविन्द्र चन्द्रवंशी, गोकुल जायसवाल, मार्कण्डेय साहू, महेश पाली, लक्ष्मण मिरी, भानूप्रकाश मिश्रा, दिनमधुर वर्मा, राजेन्द्र निर्मलकर, रामसिंह धुर्वे, राजेन्द्र तलवरे आदि उपस्थित थे।


## मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से न्यास पदाधिकारियों ने की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रदेश के स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, संसदीय कार्य, धार्मिक न्यास एवं



धर्मस्व, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री छत्तीसगढ़ बृजमोहन अग्रवाल शनिवार को एक दिवसीय प्रवास पर कवर्धा पहुंचे। इस अवसर पर स्थानीय सर्किट हाउस में ज्योतिर्मठ के सीईओ चन्द्रप्रकाश उपाध्याय की उपस्थिति में निर्माण सेवालय के व्यवस्थापक पण्डित देव दत्त दुबे ने धार्मिक एवं धर्मस्व मंत्री से भेंट कर, धमकी में बनने वाले मां भगवती राज राजेश्वरी त्रिपुर सुन्दरी जी के मंदिर निर्माण के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि ब्रम्हलीन द्वय पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य अनंत विभूषित स्वामिः स्वरुपानन्दः सरस्वती महाराज के द्वारा कवर्धा जिला के ग्राम धमकी में माता श्री राजराजेश्वरी त्रिपुर सुन्दरी मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया था। उसी भूमि पर स्वामिः अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती महाराज के मार्ग दर्शन में भव्य और दिव्य मंदिर बनने जा रहा है ।




## सांसद संतोष पांडेय ने केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर का जताया आभार

# कवर्धा में कबड्डी खेलो इंडिया सेंटर को शासन से मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय की मांग व प्रयास पर केंद्रीय खेल मंत्रालय भारत सरकार ने कबीरधाम जिले में खेलो इंडिया अंतर्गत कबड्डी खेलो इंडिया सेंटर खोलने की स्वीकृति प्रदान की है। सांसद संतोष पांडेय ने कबीरधाम जिले में खेलो इंडिया अंतर्गत कबड्डी, तिरंदाजी खेल सहित खेल संबंधित अन्य विषय को लेकर खेल अकादमी खोले जाने की मांग को लेकर दिल्ली में 23 जुलाई 2023 को केंद्रीय खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर से मुलाक़ात कर उन्हें इस बाबत पत्र सौंपा था। इसके पूर्व 25 दिसंबर 2022 को भी केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर व केंद्रीय खेल राज्य मंत्री निसीथ प्रमाणिक को उक्त संबंध में पत्र सौंपा था। सांसद पांडेय ने केंद्रीय खेल मंत्री को लिखे पत्र व उनसे चर्चा के दौरान उन्हें बताया था कि खेल के क्षेत्र में कबीरधाम जिले की अलग पहचान है। जिले में खेल प्रतिभा बहुत है। जिले के खिलाड़ी विभिन्न खेलों में दक्ष हैं और प्रदेश सहित राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। कई उपलब्धियां भी हासिल किए हैं। जिले में लगातार खिलाड़ियों की संख्या बढ़ रही है। खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने, उचित मंच प्रदान करने व उनकी प्रतिभा को और निखारने के लिए कवर्धा में केंद्र सरकार की खेलो इंडिया योजना अंतर्गत कबड्डी व तिरंदाजी का खेल अकादमी खोले जाने की आवश्यकता है। इससे खिलाड़ियों को बहुत फायदा मिलेगा। इस दौरान केंद्रीय खेल मंत्री ने ठोस आश्वासन दिया था। इसके मद्देनजर उन्होंने कबीरधाम जिले में कबड्डी खेलो इंडिया सेंटर की स्वीकृति प्रदान कर जिलेवासियों को सौगात दी है। सांसद श्री पांडेय ने बताया कि खेल हमारे राष्ट्र के समग्र विकास के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण घटक है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में खेल के क्षेत्र में लगातार प्रगति की है। केंद्र सरकार खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही है।

